# कन्वेंशन सेंटर और प्रदर्शनी हॉल के टेंडर में किसी ने भाग नहीं लिया

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर के पश्चिम क्षेत्र में आईडीए द्वारा कन्वेंशन सेंटर और प्रदर्शनी हॉल निर्माण के लिए टेंडर जारी किए थे, जिसकी अंतिम तारीख 19 जून थी. 22 जून को टेंडर खोलने पर किसी भी कंपनी और रियल एस्टेट एजेंसी निविदा में भाग नहीं लिया है.

आईडीए ने अपनी बहुप्रतीक्षित योजना 10 हजार सीटों वाला कन्वेंशन सेंटर और प्रदर्शनी हॉल निर्माण कार्य करने के लिए टेंडर जारी किया था. आईडीए की एयरपोर्ट के पास गांधीनगर चौराहे पर 17 हेक्टेयर जमीन पर कन्वेंशन सेंटर बनाने की योजना प्रस्तावित है. इसके तहत 6 हेक्टेयर पर कन्वेंशन सेंटर का निर्माण और बाकी जगह पर रिसोर्ट, होटल, रेस्त्रां और पार्किंग स्थल विकसित किया जाना है. आईडीए ने उक्त पीपीपी मॉडल पर योजना निर्माण के नियम शर्तो के साथ टेंडर जारी किया था. टेंडर पीपीपी मॉडल पर निर्माण पर करने के लिए जारी किए गए थे. उक्त योजना की अनुमानित लागत 545.77 करोड़ रुपए मानी गई है और इसमें लीज राशि 365.70 करोड़ रुपए है. तीन साल में निर्माण कार्य पूरा करने की शर्त है. खास बात यह है कि 45 साल की लीज में निर्माण अवधि तीन साल शामिल है. मतलब यह है कि निर्माण कार्य का समय अलग नहीं माना जाएगा, वो लीज अवधि में शामिल होगा. आईडीए द्वारा टेंडर फार्म की कीमत 1.18 लाख और सुरक्षा निधि 3.0 करोड़ तय की गई थी. टेंडर के साथ 2.75 करोड़ रुपए जमा करके भाग लेने की शर्त रखी गई है. साथ में 3 करोड़ रुपए सुरक्षा निधि भी जमा करना थी . टेंडर में भाग लेने वाली कंपनियों की प्री बीड बैठक आईडीए में 21 अप्रैल को थी. इसके बाद 21 मई को दो कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सीईओ के साथ चर्चा की थी. 19 जून को टेंडर जमा करने की अंतिम तारीख रखी गई थी. 22 जून को टेंडर खोलने पर किसी भी कंपनी और एजेंसी ने निविदा में भाग नहीं लिया.

# महापौर ने चिड़ियाघर के 14डी वर्चुअल थिएटर का किया निरीक्षण

▶ जल्द ही मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ, 15 दिन में तैयारियां पूरी करने के निर्देश

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. शहर के चिड़ियाघर में स्थापित किए गए अत्याधुनिक 14डी वर्चुअल थिएटर का महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने थिएटर की तकनीकी विशेषताओं और उसमें प्रदर्शित होने वाले वर्चुअल इफेक्ट्स का अवलोकन किया. महापौर ने इसे इंदौर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह देश का पहला 14डी वर्चुअल थिएटर है, जो किसी चिड़ियाघर परिसर में स्थापित किया गया है.**

निरीक्षण के दौरान महापौर ने बताया कि कि प्रधानमंत्री ने एक कार्यक्रम के दौरान इंदौर के लिए कहा था कि इंदौर एक दौर है महापौर ने बताया कि दुनिया में जो लोग सोचते हैं वह इन्दौर पहले ही कर चुका होता है इसका एक उदाहरण आज फिर देखने को मिला. उन्होंने कहा कि चिड़ियाघर में स्थापित यह 14डी थिएटर उसी सोच का एक और उदाहरण है. आधुनिक तकनीक से सुसज्जित यह थिएटर दर्शकों को वर्चुअल जंगल की रोमांचक यात्रा कराएगा, जहां विशेष दृश्य, ध्वनि और अन्य प्रभावों के माध्यम से ऐसा अनुभव होगा मानो वे वास्तव में जंगल के बीच मौजूद हों. महापौर ने बताया कि यह थिएटर बच्चों के साथ-साथ वयस्कों के लिए भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा. इससे मनोरंजन के साथ-साथ वन्यजीवों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता भी बढ़ेगी. उन्होंने विश्वास जताया कि यह नई सुविधा इंदौर चिड़ियाघर की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत करेगी. उन्होंने बताया कि थिएटर के औपचारिक उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री से समय लिया जाएगा. साथ ही चिड़ियाघर प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि आगामी 15 दिनों के भीतर सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं, ताकि मुख्यमंत्री के करकमलों से इसका शुभारंभ कराया जा सके.

**कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी**

निरीक्षण के दौरान चिड़ियाघर के अधिकारियों ने महापौर को थिएटर की कार्यप्रणाली, तकनीकी सुविधाओं और दर्शकों को मिलने वाले अनुभव की विस्तृत जानकारी भी दी.

## एक नजर में

### भारथक्लाउड ने मैस्कॉट 'बादल' का अनावरण किया

इंदौर . भारत के सॉवरेन एआई क्लाउड सेवा प्रदाता भारथक्लाउड ने आज अपने पहले ब्रांड मैस्कॉट 'बादल' का अनावरण किया . यह कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और पूरे भारत में व्यवसायों तथा उपयोगकर्ताओं के लिए क्लाउड और एआई तकनीकों को अधिक सहज, जुड़ावपूर्ण और सुलभ बनाने की उसकी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है . भारथक्लाउड के सह-संस्थापक राहुल तक्कल्लापल्ली ने कहा क्लाउड तकनीक, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर भी शामिल है, कभी भी भय उत्पन्न करने वाली नहीं लगनी चाहिए . बादल के माध्यम से हम भारथक्लाउड को एक मानवीय पहचान दे रहे हैं और क्लाउड तथा एआई से जुड़ी बातचीत को अधिक आकर्षक, समावेशी और सुलभ बना रहे हैं . जैसे-जैसे भारत अपना डिजिटल भविष्य निर्मित कर रहा है, हमारा मानना है कि तकनीक को सहज, सुरक्षित और स्थानीय आवश्यकताओं तथा आकांक्षाओं से गहराई से जुड़ा रहना चाहिए .

### फ्लेक्सी ड्रीम प्लान बेहतरीन फाइनेंशियल समाधान

आज प्रत्येक व्यक्ति अपनी ज़िंदगी में एक साथ कई सारे वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में लगा रहता है . घर खरीदना हो, बच्चों की शिक्षा, आय का दूसरा माध्यम तैयार करना हो, रिटायरमेंट की तैयारी, या अपने परिवार के सुरक्षित भविष्य के लिए समुचित प्रबंध करने हों, ये सभी चीजें अब एक दूसरे से अलग नहीं, बल्कि एक साथ चलती हैं . एडलवाइस लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अनुप सेठ ने बताया कि एडलवाइस लाइफ फ्लेक्सी ड्रीम प्लान एक बेहद अनोखा भागीदारी वाला बचत जीवन बीमा प्लान है जिसे खासतौर पर ग्राहकों के दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए बनाया गया है और इसमें सुरक्षा, फ्लेक्सिबिलिटी और पूंजी निर्माण का ऐसा मिश्रण है जो समय के साथ बदल सकता है . पार्टिसिपेटिंग प्लान होने के नाते, इसमें ग्राहकों को समय-समय पर घोषित होने वाले बोनस का सीधा फायदा मिलता है . एडलवाइस लाइफ में हम पिछले 14 सालों से लगातार अपने पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों के लिए बोनस घोषित करते आ रहे हैं .

### इंदौर के युवा स्वास्थ्य सजगता में सबसे आगे

इंदौर . नीवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस ने स्वास्थ्य बीमा के प्रति युवा भारत के दृष्टिकोण को लेकर एक खास ग्राहक विश्लेषण रिपोर्ट पेश की है, जिसमें इंदौर के युवा देश में सबसे ज्यादा स्वास्थ्य के लिए सजह और वित्तीय सुरक्षा में सबसे आगे होना पाए गए . शहर ने स्वास्थ्य सजगता के कई मापदंडों पर राष्ट्रीय औसत को पीछे छोड़ा है, जिससे मजबूत वित्तीय सुरक्षा, स्वस्थ जीवन शैली और और सुरक्षा साधनों को लेकर बेहतर जागरूकता परिलक्षित होती है . यह रिपोर्ट 35 से ज्यादा शहरी एवं ग्रामीण केंद्रों के 2400 से ज्यादा लोगों पर किए गए सर्वे पर आधारित है, जिसमें टियर 1, टियर 2, टियर 3 शहर और गांव भी शामिल है . इसके माध्यम से 'हेल्थ प्रोटेक्शन स्कोर' (एचपीएस) पेश किया गया है, जिससे यह पता चल सके कि भारतीय लोग स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए कितने तैयार हैं . इस अध्ययन के परिणामों को लेकर नीवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस के डिजिटल बिजनेस यूनिट के निदेशक और चीफ मार्केटिंग ऑफिसर निमिष अग्रवाल ने कहा कि इंदौर एक स्पष्ट उदाहरण है किस तरह वित्तीय तैयारी, सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली एक साथ आकर आबादी कि सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं .

### नथिंग ने पेश किया फोन 4 बी

इंदौर . लंदन की कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड नथिंग ने आज फोन 4 बी से पर्दा उठा दिया। यह सीरीज का पहला स्मार्टफोन है और नथिंग के प्रोडक्ट इकोसिस्टम में एंट्री करने वालों के लिए एक नया विकल्प है . फोन 4 ए सीरीज़ की कामयाबी को आगे बढ़ाते हुए फोन 4 बी में नथिंग का सिग्नेचर डिज़ाइन, दमदार रोज़मर्रा की परफॉर्मेंस, समझदार सॉफ्टवेयर और लंबे समय तक भरोसे का शानदार मेल मिलता है . इसमें नथिंग का ग्लिफ इंटरफेस, अपनी कैटेगरी में सबसे दमदार स्नैपड्रैगन प्रोसेसर परफॉर्मेंस, नथिंग के किसी भी स्मार्टफोन में अब तक की सबसे बड़ी बैटरी, 50 मेगापिक्सल ओआईएस मेन कैमरा, 120 हर्ट्ज सुपर एमोलेड डिस्प्ले और नथिंग ओएस दिया गया है, जिसे एंड्रॉयड का सबसे अलग और सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले एक्सपीरियंस में गिना जाता है . इसके साथ एसेंशियल एआई टूल्स भी मिलते हैं . फोन के हर हिस्से को इस तरह इंजीनियर किया गया है कि उसकी खूबसूरती और इस्तेमाल, दोनों बेहतर बनें।

### अमेजन .इन पर लॉन्च होगी येज़्दी स्क्रैम्बलर

इंदौर . जावा येज़्दी मोटरसाइकल्स भारत के सबसे बड़े ऑनलाइन शॉपिंग उत्सव में ऑथेंटिक स्क्रैम्बलर मोटरसाइकिलिंग का रोमांच लेकर आ रही है। विशेष रूप से तैयार की गई येज़्दी स्क्रैम्बलर, प्राइम डे के दौरान अमेजन .इन के न्यू लॉन्च स्टोर पर उपलब्ध होगी। इससे प्राइम मेंबर्स को भारत की सबसे विशिष्ट परफॉर्मेंस-क्लासिक मोटरसाइकिलों में से एक को खरीदने का मौका मिलेगा . यह मोटरसाइकिल विशेष रूप से उन राइडर्स के लिए बनाई गई है जो अपना समय शहर की सड़कों और वीकेंड के सफर के बीच बिताते हैं। येज़्दी स्क्रैम्बलर अपनी बेमिसाल स्टाइलिंग और रोज़मर्रा की उपयोगिता का एक बेहतरीन मिश्रण पेश करती है . जावा येज़्दी मोटरसाइकल्स के को-फाउंडर, अनुपम थरेजा ने कहा भारत में स्क्रैम्बलर कैटेगरी की शुरुआत करने वाली मोटरसाइकिल के रूप में, येज़्दी स्क्रैम्बलर ने यह नए सिरे से परिभाषित किया है कि ऑथेंटिक मॉडर्न मोटरसाइकिलिंग का अनुभव कैसा हो सकता है . प्राइम डे के लिए अमेज़न के साथ साझेदारी अपने-अपने क्षेत्रों के दो दिग्गजों को एक साथ लाती है .

### जेनेरली इंश्योरेंस ने लॉन्च किया सुनहरा पेंशन प्लान

मुंबई . जेनेरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, निजी क्षेत्र की एक प्रमुख लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, ने सुनहरा पेंशन प्लान लॉन्च किया है। यह एक पार्टिसिपेटिंग (पीएआर), नॉन-लिंक्ड, पेंशन और बचत-आधारित जीवन बीमा योजना है . इसका उद्देश्य पॉलिसीधारकों को एक सेवानिवृत्ति कोष बनाने में मदद करना है ताकि उनका भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित रहे . यह फंड मुख्य रूप से जीवन बीमा के फायदों के अलावा, कल्याण सेवाओं की सुविधा भी उपलब्ध कराता है, जो जेनेरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस की अपने पॉलिसीधारकों को बेहतर अनुभव देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है . योजना की अहमियत के बारे में बताते हुए आलोक रुंगटा, एमडी और सीईओ, जेनेरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस, ने कहा, बदलते सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में जीवन बीमा न केवल जीवन सुरक्षा बल्कि लंबे समय में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक अहम भूमिका निभाता है . भारतीयों के दीर्घ जीवन और औपचारिक पेंशन तंत्र की अपर्याप्तता को देखते हुए, सेवानिवृत्ति योजना के लिए एक अनुशासित और व्यवस्थित नज़रिए से पहल करने की जरूरत है .

### सैमसंग के नए गैलेक्सी डिवाइस से 22 जुलाई को उठेदा पर्दा

इंदौर . सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 22 जुलाई को ब्रिटेन की राजधानी लंदन, जोकि दुनिया के प्रमुख ट्रेंडसेटर शहरों में शामिल है, में अपने बहुप्रतीक्षित गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट का आयोजन करेगा . इस दौरान कंपनी अपनी गैलेक्सी सीरीज के नए डिवाइस पेश करेगी, जिन्होंने फोल्डेबल स्मार्टफोन श्रेणी को नई पहचान दी है . कंपनी के अनुसार, नई पीढ़ी के गैलेक्सी डिवाइस उन्नत एआई क्षमताओं और नए डिजाइन के साथ आएंगे, जो उपयोगकर्ताओं को पहले से अधिक व्यक्तिगत, स्मार्ट और सहज अनुभव देंगे . इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 22 जुलाई को शाम 6 .30 बजे सेमसंग .कॉम, सैमसंग न्यूजरूम इंडिया और सैमसंग के यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा . इच्छुक ग्राहक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कर गैलेक्सी अनपैक्ड जुलाई 2026 से पहले मिलने वाले विशेष ऑफर, टीजर, ट्रेलर और अन्य अपडेट प्राप्त कर सकते हैं .

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन फ्लाई ओवर ब्रिजों का किया दौरा

▶ निर्माण गति बढ़ाने और समय से कार्य नहीं करने जुर्माना लगाने के दिए निर्देश

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कलेक्टर ने बुधवार को शहर में निर्माणाधीन फ्लाई ओवर ब्रिजों का दौरा कर मौका मुआयना किया. इस दौरान कलेक्टर ने निर्माण की गति बढ़ाने और समय सीमा में काम नहीं होने पर ठेकेदार कंपनियों पर जुर्माना लगाने केजे चेतावनी दी.**

कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज रिंग रोड स्थित मुसाखेडी चौराहा, आईटी पार्क और देवास नाका निर्माणाधीन फ्लाई ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया. उक्त सभी फ्लाई ओवर ब्रिज एमपीआरडीसी द्वारा बनाए जा रहे है. उक्त सभी फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की समय सीमा खत्म हो चुकी है. एमपीआरडीसी द्वारा मुसाखेडी, आईटी पार्क, देवास नाका और सत्य साईं चौराहे के फ्लाई ओवर ब्रिज निर्मित किए जा रहे है. उक्त सभी ब्रिज समय सीमा से डेढ़ से दो साल ज्यादा समय ले चुके हैं. इसको इससे समझा जा सकता है कि निर्माण एजेंसियों को तीन से छह माह समय सीमा बढ़ाई जा रही है. कलेक्टर ने तीनों निर्माणाधीन ब्रिज के निर्माण कार्य की जानकारी अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से ली. कलेक्टर वर्मा ने अधिकारियों को ब्रिज निर्माण कार्य गति बढ़ाने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए. इस दौरान निगमायुक्त क्षितिज सिंघल, एसडीएम घनश्याम धनगर, एमपीआरडीसी ब्रिज सेल के प्रबन्धक एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे.

**गुणवत्ता जांचने के भी निर्देश**

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग तथा गुणवत्ता जांचने के निर्देश भी दिए. साथ ही निर्माण एजेंसी प्रतिनिधियों को कहा कि यदि पैदल चलने वाले नागरिकों के लिए पैसेज नहीं बनाया, तो पेनाल्टी लगाई जाएगी.

# स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए वैल्यू एडेड कोर्स अनिवार्य

▶ दूसरे सेमेस्टर में लेना होगा 2 क्रेडिट का पाठ्यक्रम

नवभारत न्यूज़

इंदौर. राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातकोत्तर पीजी विद्यार्थियों के लिए वैल्यू एडेड कोर्स का चयन अनिवार्य कर दिया है. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी के करीकुलम एंड क्रेडिट फ्रेमवर्क फॉर पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम्स सीसीएफपीजी-2024 और नवीन अध्यादेश के अनुसार प्रत्येक पीजी विद्यार्थी को दूसरे सेमेस्टर में 2 क्रेडिट का एक वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम लेना होगा.

उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों के लिए रोजगार एवं उद्यमिता कौशल, योग एवं ध्यान, पर्यावरण मनोविज्ञान, शोध लेखन कौशल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिजनेस एथिक्स, बिजनेस एनालिटिक्स तथा नवाचार एवं उद्यमिता जैसे विषयों के पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए हैं. इनका उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय ज्ञान के साथ व्यावहारिक कौशल, नैतिक मूल्यों और रोजगारपरक दक्षताओं से जोड़ना है. विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि वे विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक आवश्यकता और विषय की उपयोगिता के अनुसार उपयुक्त वैल्यू एडेड कोर्स के चयन में आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराएं.

# कवि प्रदीप नवीन को ओम व्यास ओम स्मृति झालमुड़ी सम्मान से नवाजा

इंदौर. देश के जाने-माने हास्व कवि पंडित ओम व्यास ओम की पुण्यतिथि पर स्मृति हास्यांजलि झालमुड़ी सम्मान इंदौर के सुपरिचित कवि श्री प्रदीप नवीन को उज्जैन के राधा पार्क तरणताल परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदान किया गया. इस अवसर पर रतलाम के जुझार सिंह भाटी को धुरंधर सम्मान प्रदान किया गया. कार्यक्रम के संयोजक स्वामी मुस्कुराके ने बताया. मुख्य अतिथि उज्जैन के महापौर मुकेश टटवालजी ने दोनों साहित्यकारों को पुष्पहार, सम्मान पत्र प्रदान किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता इन्दौर के वरिष्ठ साहित्यकार हरेराम वाजपेयी ने की.

संचालन आयोजन समिति के सह संयोजक कवि सुरेन्द्र सर्किट ने किया. प्रेमचंद सृजनपीठ के निदेशक मुकेश जोशी, प्रेमसिंह यादव, प्रशांत दुबे, दिनेश विजयवर्गीय, कवि अशोक भाटी इन्दौर के दिनेश दवे आदि काफी संख्या में साहित्यकार उपस्थित थे. आभार कवि दिनेश दिग्गज ने माना.

# आयुक्त द्वारा निर्माणाधीन सड़क का दौरा

▶ सड़क निर्माण में जल निकासी का रखें विशेष ध्यान

नव भारत न्यूज

**इंदौर. बुधवार को निगम आयुक्त ने शहर की निर्माणाधीन सड़कों का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदार एजेंसी के प्रतिनिधियों को सड़क निर्माण में जल निकासी का विशेष ध्यान रखने के आदेश दिए. साथ ही बारिश में निर्माण स्थल पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए.**

आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा शहर में निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण किया गया. आयुक्त ने सदर बाजार से गुटकेश्वर महादेव मंदिर, अन्नपूर्णा से रिंग रोड, मूसाखेड़ी सर्विस रोड निर्माण का निरीक्षण किया. ठेकेदार एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्माण स्थल पर पर्याप्त विशेष सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए. इसके बाद आयुक्त द्वारा जमजम चौराहा से स्टार चौराहा तक निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे. सड़क निर्माण में जल निकासी के लिए स्ट्रॉम वाटर लाइन कार्य के दौरान ही डालने के निर्देश दिए गए. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री पीएस कुशवाह, नरेश जायसवाल, पराग अग्रवाल, निर्माण एजेंसी के महेंद्र अग्रवाल एवं अन्य उपस्थित थे.

# 8 से 15 जुलाई तक इंदौर के कॉलेजों में लगेगा प्रवेश मेला

▶ उसी दिन पूरी होगी एडमिशन प्रक्रिया

नवभारत न्यूज़

**इंदौर**. उच्च शिक्षा विभाग ने अतिरिक्त सीएलसी राउंड के तहत रिक्त सीटों पर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाने के लिए 8 से 15 जुलाई तक जिले के सभी शासकीय, अशासकीय और निजी महाविद्यालयों में प्रवेश मेला आयोजित करने का निर्णय लिया है. मेले में विद्यार्थियों को पंजीयन, चॉइस फिलिंग एवं संशोधन, दस्तावेज सत्यापन, सीट आवंटन संबंधी मार्गदर्शन और शुल्क जमा करने सहित प्रवेश प्रक्रिया की सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी. प्रवेश मेला प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा.

महाविद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि पोर्टल पर लंबित पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन या प्रवेश प्रस्ताव मिलने के बावजूद शुल्क जमा नहीं करने वाले विद्यार्थियों से व्यक्तिगत संपर्क कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए और उन्हें प्रवेश के लिए प्रेरित किया जाए. जिन पाठ्यक्रमों और संकायों में सीटें अधिक रिक्त हैं, वहां विशेष प्रयास किए जाएंगे. साथ ही विषय चयन और चॉइस संशोधन के संबंध में विद्यार्थियों को आवश्यक परामर्श भी दिया जाएगा. स्थानीय विद्यालयों, जनप्रतिनिधियों, पालकों और पूर्व विद्यार्थियों के सहयोग से प्रवेश जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा. प्रत्येक महाविद्यालय में प्राचार्य प्रतिदिन प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा करेंगे, जबकि जिला नोडल अधिकारी अधिक रिक्त सीट वाले कॉलेजों की विशेष निगरानी करेंगे. विभाग ने निर्देश दिए हैं कि प्रवेश मेला केवल औपचारिक आयोजन न होकर 'अधिकतम प्रवेश, उसी दिन प्रवेश' की कार्यप्रणाली पर संचालित किया जाए,

# अभाविप के ध्येयपथ व्याख्यान में विज्ञान

▶ राष्ट्र निर्माण और छात्र नेतृत्व पर मंथन

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इंदौर महानगर द्वारा विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के सभागार में ध्येयपथ व्याख्यान आयोजित किया गया. कार्यक्रम में 1,400 से अधिक छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की.**

प्रांत अध्यक्ष सौरभ पारीख ने प्रस्ताविक उद्बोधन में इंदौर महानगर इकाई की वर्षभर की गतिविधियों की जानकारी दी. मुख्य अतिथि प्रसिद्ध वैज्ञानिक देबालया सरकार ने भारत की प्राचीन वैज्ञानिक परंपरा और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य पर अपने विचार रखे. उन्होंने विद्यार्थियों से विज्ञान और नवाचार के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया. विशिष्ट अतिथि एवं अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने कहा कि परिषद देशभर में रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को जोड़ते हुए छात्रहित के मुद्दों पर लगातार कार्य कर रही है. राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सोलंकी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता छात्रहित के साथ अध्ययन, व्यक्तित्व विकास और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभाता है. कार्यक्रम में अभाविप इंदौर महानगर की नई वेबसाइट का विमोचन भी किया गया. महानगर मंत्री देवेश गुर्जर ने बताया कि इसके माध्यम से विद्यार्थी अपने निकटतम परिषद कार्यकर्ता से सीधे संपर्क कर सकेंगे.

**एक नजर में** | सिंगापुर टाउनशिप और आसपास की कॉलोनियों के लोगों को जलभराव की समस्या से नहीं मिली राहत

# दो अंडरपास बनने के बाद भी नहीं खत्म हुई जलभराव की समस्या

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. सिंगापुर टाउनशिप और आसपास की कॉलोनियों के लोगों को बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से अभी भी राहत नहीं मिल सकी है. रेलवे द्वारा नया अंडरपास बनाए जाने के बावजूद लगातार हो रही बारिश में दोनों अंडरपास में पानी भर जाता हैं, जिससे आवागमन बाधित हो जाता है.**

गौरतलब है कि पहले बने अंडरपास में हर वर्ष बारिश के दौरान जलभराव की समस्या बनी रहती थी. लोगों की परेशानी को देखते हुए रेलवे ने दूसरा नया अंडरपास भी बनाया, लेकिन भारी बारिश के समय वहां भी वही स्थिति बन रही है. ऐसे में दो अंडरपास होने के बावजूद क्षेत्रवासियों को राहत नहीं मिल पाई है. रेलवे अधिकारी मुकेश के बताया कि रेलवे ने फिलहाल दोनों अंडरपासों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, जिनकी मदद से लगातार निगरानी की जा रही है. जैसे ही किसी अंडरपास में पानी भरने की स्थिति बनती है, तत्काल पंप लगाकर पानी निकालने की व्यवस्था की जाती है ताकि यातायात जल्द से जल्द सामान्य हो सके.

**स्थायी समाधान की दिशा में काम कर रहे**

रेलवे अधिकारी ने बताया कि हालांकि, रेलवे अब इस समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में भी काम कर रहा है. इसके लिए अंडरपासों में वाटर लेवल सेंसर लगाने की तैयारी चल रही है. सेंसर लगने के बाद जैसे ही पानी का स्तर तय सीमा से ऊपर पहुंचेगा, संबंधित अधिकारियों को तुरंत अलर्ट संदेश प्राप्त हो जाएगा. इससे समय रहते पंप चालू कर जलनिकासी की जा सकेगी और लंबे समय तक यातायात बाधित होने की स्थिति से बचा जा सकेगा.

# विद्यार्थियों ने समझा जीरो वेस्ट व जीरो डिस्चार्ज

**इंदौर**. लॉरेल्स स्कूल इंटरनेशनल के कक्षा आठवीं के छात्र अपने टीचर्स फ़िरदौस गौरी खान, अतिसुची सिन्हा और अंजलि बालखे के साथ, जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट शैक्षणिक भ्रमण पर आये . इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य क्लासरूम की थ्योरी और असल दुनिया की प्रैक्टिकल ग्रीन टेक्नोलॉजी के बीच के अंतर को कम करना था .

पद्मश्री डॉ . जनक पलटा मगिलिगन की इस जीवंत प्रयोगशाला में जाकर, ग्रामीण परिवेश में बड़े पैमाने पर ग्रीन एनर्जी टेक्नोलॉजीस जैव-विविधता, दुर्लभ, स्थानीय पेड़-पौधों की पहचान करना और पर्यावरण संरक्षण को देखा व समझा . छात्रों ने सोलर और विंड पावर से साल भर रिन्यूएबल एनर्जी की लगातार आपूर्ति आंखों से देखी . जनक दीदी ने एडवांस्ड सोलर ड्रायर सोलर डिहाइड्रेटर का इस्तेमाल करके दिखाया . भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधनों के उचित उपयोग की जानकारी से अवगत कराना था अपितु उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना भी था . भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण-अनुकूल आवास तथा जीरो वेस्ट एवं जीरो डिस्चार्ज की अवधारणा को सरल एवं रोचक ढंग से समझा .